अध्याय 5
एक किरण आई छाई

1.इन शब्दों के अर्थ लिखिए-

1 किरण- रोशनी
2 सुनहरा- लाल और पीले रंग का मिला रूप
3 सुखद - सुख देने वाला
4 धरा - पृथ्वी
5 ज्योति - ज्वाला

2.एक शब्द में प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

1 एक किरण दुनिया में क्या लाई ?
उत्तर - एक किरण दुनिया में ज्योति लाई |
2 सूर्य कहां से निकलता है?
उत्तर - सूर्य पूरब से निकलता है |
3 इस कविता में कवि ने किस समय का वर्णन किया है ?
उत्तर - इस कविता में कवि ने प्रातः काल का वर्णन किया है
4 किरण के हंसने पर क्या हुआ ?
उत्तर - किरण के हंसने पर फूल मुस्काने लगे |
5 कवि बनने करने की प्रेरणा दे रहे हैं?
उत्तर - कवि सूर्य की एक किरण बनने की प्रेरणा दे रहे हैं ।

3. इन प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में लिखें -

1 एक किरण आई छाई कविता के कवि कौन है ?
उत्तर - एक किरण आई छाई कविता के कवि सोहनलाल द्विवेदी जी हैं ।
2 किरण की आते ही पत्ती और डालिया किस रंग में रंग गई ?
उत्तर- एक किरण के आते ही पत्ती और डालियां सुनहरे रंग में रंग गई |
3 हम धरती का कण - कण कैसे चमका सकते हैं ?
उत्तर- जिस प्रकार सूर्य की एक किरण संसार में प्रकाश फैलाती है उसी प्रकार हम किरण बनकर अपने अच्छे कार्यों से धरती को चमका सकते हैं
4 किरण के आने पर प्रकृति में क्या-क्या परिवर्तन आते हैं?

उत्तर - किरण के आने पर प्रकृति में अनेक परिवर्तन आते हैं फूल मुस्कानें लगती है दुनिया में प्रकाश पर जाता है डाली डाली पत्ती सुनहरे रंग में रंग जाती है पूरब में सुखद सवेरा छा जाता है धाराएं लाल हो जाती है।

4. पर्यायवाची शब्द लिखें -

किरण - रोशनी, उजाला
धरा - धरती, वसुंधरा
दुनिया - जग , संसार
फूल - पुष्प , सुमन

5. विलोम शब्द लिखें -

1 पूरब - पश्चिम
2 सुखद - दुखद
3 प्रकाश - अंधकार
4 धरती- आकाश

6. बहुवचन बनाइए -

1 किरण - किरणे
2 सुनहरा - सुनहरे
3 पत्ता - पत्ते
4 दिशा - दिशाएं
5 भवरा - भवरे